दिनांक : 30.03.2026 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

## मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पश्चिम एशिया के युद्ध क्षेत्र में फंसे हर भारतीय की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज एमएसएमई इकाइयों को सिंगल क्लिक से ₹169 करोड़ की प्रोत्साहन राशि अंतरण करेंगे।
- मुख्यमंत्री कल वाराणसी में मध्य प्रदेश के 'एक जिला-एक उत्पाद' मॉडल को देश के सामने रखेंगे।
- देश भर में भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, प्रदेश के कई जिलों में आज तो कुछ जिलों में कल रहेगी सरकारी छुट्टी।

अब समाचार विस्तार सेः-

## पश्चिम एशिया

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने संघर्षरत क्षेत्रों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। श्री मोदी ने कल केरलम के पालक्काड़ में एक चुनावी जनसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष पर सरकार के दृष्टिकोण का उल्लेख किया।

श्री मोदी ने प्रमुख राजनीतिक दलों, वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की आलोचना करते हुए उन पर राज्य को भ्रष्टाचार के जाल में फंसाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केवल एनडीए गठबंधन ही जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर सकता है। बाद में, प्रधानमंत्री ने त्रिशूर जिले में रोड शो किया।

**केरोसिन अधिसूचना**

सरकार ने एक राजपत्र अधिसूचना जारी कर 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उच्च गुणवत्ता वाले केरोसिन तेल के वितरण की अनुमति दी है। यह निर्णय विश्वभर में ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर रही भू-राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसका उद्देश्य उन क्षेत्रों में खाना पकाने और प्रकाश व्यवस्था की जरूरतों को पूरा करना है जहां सामान्य परिस्थितियों में केरोसिन का उपयोग बंद कर दिया गया था। इस अधिसूचना के अनुसार, प्रति जिले में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के स्वामित्व वाले अधिकतम दो ईंधन स्टेशन पांच हजार लीटर तक केरोसिन का भंडारण कर सकते हैं। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और 60 दिनों तक या अगले आदेश तक वैध रहेगी।

**एमएसएमई- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 'सिंगल क्लिक' के माध्यम से 169 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि का अंतरण करेंगे। इसके साथ ही 'समर्थ एमएसएमई, विकसित मध्यप्रदेश' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा स्टार्टअप्स को भी अनुदान की प्रथम किश्त प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' के हितग्राहियों को ऋण राशि के चैक सौंपे जाएंगे तथा उद्यमियों को औद्योगिक भूमि आबंटन पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

**आईटी पार्क- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर के सिंहासा आईटी पार्क में 'लॉन्चपैड इनक्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से उद्यमिता और स्टार्टअप के बड़े हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि भोपाल में प्रदेश की पहली 'नॉलेज और एआई सिटी' तथा उज्जैन को 'साइंस सिटी' के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**अच्छी खबर- बालाघाट**

सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा हैं। बालाघाट जिले के कुल्पा गांव की 13 महिलाओं ने 'कृष्णा आजीविका स्व-सहायता समूह' से जुड़कर बकरी पालन, सब्जी उत्पादन और छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं। आज वे हर महीने 15 से 25 हजार रुपये तक कमा रही हैं। और अधिक जानकारी दे रहें है हमारे बालाघाट संवाददाता श्रीनिवास चौधरी।

**'एक जिला-एक उत्पाद'**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल, यानि 31 मार्च को उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आयोजित होने सम्मेलन में मध्यप्रदेश के 'एक जिला-एक उत्पाद' यानी ओडीओपी मॉडल को साझा करेंगे। प्रदेश के 50 से अधिक जिलों की विशिष्टताओं—जैसे चंदेरी का हैंडलूम, धार का बाघ प्रिंट, बालाघाट का चिन्नौर चावल और रतलाम के नमकीन जैसे विविध उत्पादों को इस योजना के जरिए वैश्विक बाजार से जोड़ा गया है। ब्रांडिंग, पैकेजिंग और जीआई टैगिंग के मजबूत इकोसिस्टम के चलते मध्यप्रदेश के इस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**'महावीर जयंती'**

जैन धर्म के चौबीसवें और अंतिम तीर्थंकर, भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव 'महावीर जयंती' पूरे देश में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और 'जियो और जीने दो' का शाश्वत संदेश देने वाले भगवान महावीर का जन्मोत्सव समाज को शांति और सद्भाव की राह दिखाता है। इस वर्ष पंचांग के अनुसार यह पर्व 31 मार्च को है, किंतु सामाजिक संगठनों की मांग और स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश शासन ने जिला कलेक्टरों को स्थानीय स्तर पर अवकाश घोषित करने का अधिकार दिया था। इसी तारतम्य में भोपाल और इंदौर सहित कई जिलों में आज यानी 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, जबकि जिन जिलों में यह पर्व 31 मार्च को ही मनाया जा रहा है, वहां मंगलवार को ही पूर्व घोषित अवकाश प्रभावी रहेगा।

**आईपीएल**

आईपीएल क्रिकेट में, मुंबई इंडियंस ने कल रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, कोलकाता नाइट राइडर्स ने 220 रन बनाया। जवाब में, मुंबई इंडियंस ने 19 दशमलव 1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। आज, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स आमने-सामने होंगे। यह मैच गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षिप्त में-**

1. खंडवा में सरकार ने चने के लिए समर्थन मूल्य 5 हजार 875 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। जिले में चने के उपार्जन के लिए कुल 17 केंद्र बनाए गए हैं।
2. वही गुना कलेक्टर द्वारा चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु जिले में 14 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये है।
3. उधर सागर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 7 अप्रैल से शुरू हो रही है। अपना गेहूं बेचने के लिए जिले के 77 हजार 337 किसानों ने पंजीयन कराया है।
4. भोपाल में हिंदू नव वर्ष एवं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के श्री रुद्रेश्वर हनुमान मंदिर में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
5. ग्वालियर में पहले ही दिन से अग्नि सुरक्षा मेला शहरवासियों के आकर्षण का केन्द्र बन गया है। ग्वालियर शहर ही नहीं ग्रामीण अंचल के निवासी भी अग्नि सुरक्षा मेले में पहुँचकर अग्नि दुर्घटना से बचने की बारीकियां सीख रहे हैं।

---------------